केवल आप के लिये
गांव–गांव शहर–शहर देश दुनियां में अपनों तक पहुंचाना है तो :भारतीय बस्ती दैनिक वेब
www.bhartiyabasti.com
और उसका छपा संस्करण सबसे बेहतर माध्यम
सम्पर्क–bhartiyabasti@gmail.com
मो0 9450567450| 9336715406

# दैनिक भारतीय बस्ती

भारतीय बस्ती
www.bhartiyabasti.com के लिये विज्ञापन बुक कराये। विचार, प्रचार का सशक्त माध्यम सम्पर्क
मो0 9450567450
9336715406

भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :46 अंक 192 बुधवार 5 फरवरी 2025 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com

## एक नजर

### दिल्ली के 70 सीटों पर मतदान 5 को

**नई दिल्ली (आभा।** दिल्ली में 2025 विधानसभा चुनाव के लिए बुधवार को मतदान हो रहा है। दिल्ली में मुख्य मुकाबला सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस के बीच है। 70 विधानसभा सीटों के लिए कुल 699 उम्मीदवार मैदान में हैं, वोटों की गिनती 8 फरवरी को होगी।

### वाह रे बिजली विभाग, किसान को भेजा 7.32 करोड का बिल

**—भारतीय बस्ती संवाददाता—**

बस्ती। बिजली विभाग ने एक किसान के घर में करोड़ों का बिल भेज दिया। अपना बिल देखकर किसान को तगड़ा झटका लग गया। किसान ने बताया कि उसके घर में महज एक पंखा और एक बल्ब जलता है, फिर भी इतना बिल भेज दिया गया। किसान ने बताया कि जितना बिल आया है वह पूरी प्रॉपर्टी भी भेज देगा तो भी नहीं चुका सकता। पूरा मामला बस्ती जिले में स्थित विद्युत उपकेंद्र हर्रैया के केशवपुर फीडर का है। रमया गांव निवासी किसान मोलहू को विभाग ने 7.32 करोड़ का बिल भेज दिया है।

किसान का कहना है कि उसके घर पर एक किलोवॉट का कनेक्शन है। एक पंखा और बल्ब के अलावा कुछ नहीं चलता है। भारी भरकम बिल देखकर पूरा परिवार हैरान है। वहीं बिल देखकर परिवार के एक सदस्य की तबियत भी बिगड़ गई। किसान मोलहू ने बताया कि दो दिन पहले बिजली विभाग के कर्मी उसके पास आए थे और बिल देकर गए। कर्मियों ने उससे कहा कि अपना बकाया जमा करा दो। उसने जब बिल देखा तो उनके होश उड़ गए। उसमें बकाया सात करोड़ 32 लाख एक हजार एक सौ उन्नीस रुपये दर्शाया गया था।

किसान ने बताया कि बिल इतना था कि वह अगर पूरी प्रॉपर्टी भी बेच देता तो भी चुका नहीं सकता था। उसका कहना है कि खेती–किसानी से परिवार का खर्च चलता है। घर में एक पंखा और बल्ब ही है। इसके अलावा बिजली का खर्चा नहीं है। अगर इसी तरह बिल आएगा तो उसका कनेक्शन कटना तय है। सोमवार को वह बिल लेकर विद्युत उपकेंद्र हर्रैया पहुंचा लेकिन वहां कोई अधिकारी नहीं मिला। वहां से निकलकर वह अधिकारियों के कार्यालय का चक्कर लगा रहा था। अधिशाषी अभियंता हर्रैया अजय मौर्या ने बताया कि सिस्टम की गड़बड़ी के कारण गलत बिल आ गया था। बिल में सुधार कर सही कर दिया गया है।

### पूर्व सैनिकों की समस्याओं के निस्तारण का आदेश

**—भारतीय बस्ती संवाददाता—**

बस्ती। जिले के भूतपूर्व सैनिकों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला सैनिक बन्धु समिति बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि हमारे भूतपूर्व सैनिकों की जो भी समस्याएं हैं उनका समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण किया जाय। निस्तारण करते समय इस बात पर विशेष ध्यान दिया जाये कि पूर्व सैनिक अथवा उनका परिवार कार्यवाही से संतुष्ट हों। जिलाधिकारी ने पूर्व सैनिकों को सुझाव दिया कि आपकी जो जायज समस्याएं हो उसे लिखित रूप में अवगत कराये ताकि समस्याओं का गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित कराया जा सके।

बैठक के दौरान जर्जर सड़क, भूमि विवाद, विद्युत, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य मामले प्रस्तुत हुए। जिलाधिकारी ने पूर्व सैनिकों को आश्वस्त किया कि उनकी जायज समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित कराया जायेगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जयदेव सी.एस., सीआरओ कीर्ति प्रकाश भारती, उप जिलाधिकारी सदर शत्रुध्न पाठक, ईओ नगरपालिका सुनिष्ठा सिंह, जिला विकास अधिकारी अजय सिंह, जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल देविन्दर गुहानी सहित जिले के पूर्व सैनिक एवं अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# पीएम मोदी ने भविष्य की जीत पर ठोक दिया बड़ा दावा

**नई दिल्ली (आभा)** ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान कहा कि उनके नेतृत्व में देश विकसित होने की राह पर तेजी से बढ़ रहा है। पीएम ने कहा कि किसी भी देश के लिए 20 से 25 साल का कालखंड विकसित होने के लिए काफी है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अभी उनका ये तीसरा ही टर्म है, जरूरत पड़ी तो देश के विकास के लिए आगे भी वो सेवा करते रहेंगे।



प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए देश आज बड़े आत्मविश्वास के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि यह कोई सरकारी सपना नहीं है, बल्कि हरेक नागरिक का सपना है। पीएम ने कहा, ष्दुनिया के कई देशों ने 20–25 साल में ऐसा करके दिखाया है। भारत के साथ तो डेमोग्राफी है, डेमोक्रेसी है और डिमांड है तो हम क्यों नहीं विकसित हो सकते। 2047 तक हम ऐसा करके रहेंगे। अभी हमें और भी बड़े लक्ष्य प्राप्त करने हैं और हम करके रहेंगे। ये तो हमारा तीसरा ही टर्म है। हम देश की आवश्यकता के अनुसार विकसित भारत बनाने के लिए आने वाले अनेक वर्षों तक जुटे रहने वाले हैं।'

प्रधानमंत्री ने कहा कि वह सभी दलों, सभी नेताओं, सभी देशवासियों से आग्रह करते हैं कि देश के विकास के लिए एकजुट हों। उन्होंने कहा कि सभी दलों और नेताओं की अपनी–अपनी विचारधारा होगी लेकिन देश से बड़ा कुछ भी नहीं है। जब देश विकसित होगा, तब हमारे बाद की जो पीढ़ियां होंगी वो कहेंगी कि 2025 में एक संसद ऐसी थी जहां बैठा हुआ हर सांसद विकसित भारत के लिए काम कर रहा था।

इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चर्चा का जवाब देते हुए शुरुआत में यह भी कहा कि उनकी सरकार ने गरीबों को झूठे नारे नहीं, बल्कि सच्चा विकास दिया है। उन्होंने कहा, ''मेरे लिए बहुत सौभाग्य है कि देश की जनता ने मुझे 14वीं बार राष्ट्रपति जी का आभार व्यक्त करने का अवसर दिया है। मैं जनता जनार्दन का आभार व्यक्त करता हूं।''

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उन्होने भविष्य के 25 वर्ष और विकसित भारत के लिए एक नया विश्वास जगाने की बात की है। मोदी का कहना था कि राष्ट्रपति का संबोधन विकसित भारत के संकल्प को मजबूती देने वाला, नया विश्वास पैदा करने वाला और जन सामान्य को प्रेरित करने वाला है।

# अमेरिका ने अवैध प्रवासियों को भेजा भारत

वाशिंगटन (आभा)। ट्रंप प्रशासन की सख्त आव्रजन नीतियों के तहत अमेरिका ने भारतीय प्रवासियों को



सैन्य विमान के जरिए भारत भेजा है। एक अमेरिकी अधिकारी के अनुसार, यह अब तक की सबसे लंबी दूरी की सैन्य निर्वासन उड़ान है।

गोपनीयता की शर्त पर अधिकारी ने बताया कि एक C–17 सैन्य विमान प्रवासियों को लेकर भारत के लिए रवाना हुआ, जो अगले 24 घंटे के भीतर गंतव्य पर पहुंचेगा।

ट्रंप प्रशासन आव्रजन नियंत्रण के लिए सैन्य संसाधनों का तेजी से उपयोग कर रहा है, जिसमें अतिरिक्त सैन्य बलों की तैनाती, सैन्य विमानों से निर्वासन, और प्रवासियों के लिए सैन्य ठिकानों का उपयोग शामिल है। अमेरिकी रक्षा विभाग (पेंटागन) ने टेक्सास और कैलिफोर्निया में हिरासत में लिए गए 5,000 से अधिक प्रवासियों को निकालने के लिए सैन्य उड़ानों की सहायता भी शुरू की है।अब तक सैन्य विमानों से ग्वाटेमाला, पेरू और होंडुरास में प्रवासियों को निर्वासित किया गया है। सैन्य उड़ानों से निर्वासन बेहद महंगा साबित हो रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ग्वाटेमाला भेजे गए प्रवासियों की एक सैन्य उड़ान का खर्च प्रति व्यक्ति +4,675 (लगभग 3.9 लाख रुपये) आंका गया था।

## विद्यालय भवन निर्माण के लिये भूमि पूजन



**—भारतीय बस्ती संवाददाता—**

बस्ती। मंगलवार को साऊंघाट के ब्लाक प्रमुख अभिषेक कुमार ने विकास खण्ड के प्राथमिक विद्यालय अण्डा में अतिरिक्त कक्षा कक्ष के निर्माण हेतु भूमि पूजन किया। कहा कि बेहतर ढंग से मजबूत निर्माण हो क्योंकि इसके छत के नीचे विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करेंगे।

वैदिक मंत्रो के साथ अतिरिक्त कक्षा कक्ष के निर्माण हेतु पूजन के समय प्रधानाध्यापक सुनील श्रीवास्तव, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रामजी चौधरी, सुशील कुमार राना, सरिता देवी, अनिल चौधरी, संजय सिंह, सुशील, राहुल चौधरी, सोनी श्रीवास्तव, अखिलेश, गुड्डू के साथ ही विद्यालय के शिक्षक और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## महिला के खेत में दबंगो ने जबरिया निकाल दिया चकरोड़ः डीएम से लगाया न्याय की गुहार



**—भारतीय बस्ती संवाददाता—**

बस्ती । विश्व ज्ञान क्रान्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजन चौधरी ने मंगलवार को जिलाधिकारी को पत्र देकर सल्टौआ गोपालपुर विकास खण्ड के रेंगी निवासिनी कौशिल्या देवी पत्नी रामकरन के खेत में स्थगन आदेश के बावजूद जबरिया चकरोड़ पटवा देने के मामले में चकरोड को एल करके सीधा कराने और दोषी अधिकारियों, कर्मचारियों के विरूद्ध कार्रवाई करने का आग्रह किया।

पीड़िता कौशिल्या देवी के साथ डीएम को ज्ञापन देने के बाद राजन चौधरी ने कहा कि ग्राम प्रधान, लेखपाल के साथ ही अनेक अधिकारियों, कर्मचारियों ने नियमों की खुली अनदेखी कर गाटा संख्या 450 / 0.1790 हेक्टेयर की जमीन से चकरोड़ निकाल दिया गया। इससे उसका रकबा कम हो गया और विपक्षी का रकबा बढ गया। कहा कि जिम्मेदारों ने खुले आम नियम कानूनों की धज्जियां उड़ाकर कौशिल्या की जमीन से चकरोड निकाल दिया गया। यह पूरी तरह से विधि विरूद्ध है। राजन चौधरी ने कहा कि डीएम ने मामले में जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## आईजीआरएस के शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करायें अधिकारी-डीएम

**—भारतीय बस्ती संवाददाता—**

बस्ती । जिलाधिकारी रवीश गुप्ता की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आईजीआरएस (इंटिग्रेटेड गवर्नमेंट रिकॉड्स सिस्टम) से संबंधित शिकायतों के निस्तारण को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिलाधिकारी ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि फरवरी 2025 से शासन द्वारा जारी किए गए नए मूल्यांकन आदेश के अनुसार शिकायतों के निस्तारण और उनके फीडबैक का मूल्यांकन किया जाएगा। सभी अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि वे इस आदेश को अपने अधीनस्थों तक पहुंचाएं और उसका पालन सुनिश्चित करें।

बैठक में उन्होने नई मार्किंग व्यवस्था के बारे में बताया कि इसमें संतुष्टि की फीडबैक को प्रतिशत के आधार पर मापा जाएगा और शिकायतकर्ताओं से संपर्क करने की प्रतिशत को रैंकिंग में जोड़ा जाएगा। उन्होने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री संदर्भ (जनता दर्शन), शासन संदर्भ,. आयोग संदर्भ, लोकायुक्त संदर्भ, शासन एवं राजस्व परिषद के संदर्भ, मानवाधिकार से संबंधित प्रकरणों को तत्काल निस्तारित करें तथा गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जयदेव सी.एस., मुख्य कोषाधिकारी अशोक कुमार प्रजापति, सीएमओ डा. आर.एस. दुबे, सीआरओ कीर्ति प्रकाश भारती, उप जिलाधिकारी सदर शत्रुध्न पाठक, विनोद पाण्डेय, ईओ नगरपालिका सुनिष्ठा सिंह, जिला विकास अधिकारी अजय सिंह, परियोजना निदेशक राजेश कुमार, उप निदेशक कृषि अशोक कुमार गौतम, सीवीओ राजेश कुमार, एलडीएम आर.एन. मौर्या, डीपीआरओ रतन कुमार, ईडीएम सौरभ द्विवेदी सहित जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# उद्योग बंधु की बैठक में उठे जमीनी मुद्दे

**—भारतीय बस्ती संवाददाता—**

बस्ती । जिलाधिकारी के निर्देशानुसार मुख्य विकास अधिकारी जयदेव सीएस की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बन्धु व व्यापार बन्धु समिति की बैठक सम्पन्न हुआ, जिसमें जनपद के औद्योगिक समस्याओं पर विचार–विमर्श कर योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गयी। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि संबंधित अधिकारीगण निवेशमित्र पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों को समयान्तर्गत निस्तारित करें। उत्तर प्रदेश ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट में हस्ताक्षरित एमओयू की विभागवार समीक्षा की गयी। मुख्य विकास अधिकारी ने उपायुक्त उद्योग



को निर्देश दिया कि संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित कर उद्यमियों की लम्बित समस्याओ को नियमानुसार तत्काल निस्तारण कराया जाय।

बैठक में व्यापार बन्धु समिति के सदस्यों ने कम्पनीबाग से बड़ेवन मार्ग के चौड़ीकरण में नाली निर्माण, सेण्ट बेसिल स्कूल तथा जिला अस्पताल चौराहे पर जाम, नेशनल हाईवे पर बस्ती शहर के बड़ेवन सर्विस रोड के नालों व महराजगंज बाजार में सर्विस रोड की नाली को आधा–अधूरा बनाने के संबंध में मुख्य विकास अधिकारी को अवगत कराया। उन्होने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के निस्तारण हेतु निर्देशित किया।

बैठक का संचालन उपायुक्त (प्रशासन) राज्य कर उपेन्द्र यादव ने किया। इसमें सीएमओ डा. आर. एस. दुबे, उपायुक्त उद्योग हरेन्द्र प्रताप, ईओ नगरपालिका सुनिष्ठा सिंह, अधिशासी अभियन्ता विद्युत मनोज कुमार, डीएचओ अरूण मिश्रा, उप निदेशक कृषि अशोक कुमार गौतम, चेम्बर्स आफ कामर्स के अध्यक्ष अशोक सिंह, इण्डस्ट्रियल डेवलपमेण्ट एसोसीएशन के अध्यक्ष अनिल सिंह रैकवार, चेम्बर्स आफ कामर्स के महासचिव एस.सी. शुक्ला सहित संबंधित अधिकारी व समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे।

# महाकुंभ पहुंचे भूटान नरेश ने मुख्यमंत्री योगी के साथ संगम में लगाई श्रद्धा की डुबकी

प्रयागराज (आभा)। पांच फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महाकुंभ आएंगे। एक घंटे रुकने के बाद वापस दिल्ली चले जाएंगे। वहीं भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांग्चुक मंगलवार को संगम पहुंचे और सीएम योगी के साथ संगम में डुबकी लगाई।



पांच फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महाकुंभ पहुंचेंगे। पीएम मोदी यहां संगम में स्नान करेंगे। पीएम मोदी के प्रोटोकॉल में मुताबिक वह प्रयागराज में एक घंटे रुकेंगे। वहीं दूसरी ओर मंगलवार को भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांग्चुक प्रयागराज पहुंचे। भूटान नरेश ने सीएम योगी के साथ संगम में डुबकी लगाई। भूटान नरेश सुबह बमरौली एयरपोर्ट पहुंचे। 10.50 बजे किला घाट गए, घाट से संगम नोज आए।

## बैंक से चोरी मामले में मैनेजर, कैशियर, चपरासी गिरफ्तार

**बलिया (आभा)।** जिले में सरकारी बैंक में वहां के मैनेजर, कैशियर, चपरासी ने ही मिलकर खेला कर दिया। बैंक से साढ़े 21 लाख रुपए चोरी होने की सूचना पुलिस को दी गई थी। जांच शुरू हुई तो पता चला कि बिना स्ट्रांग रूम का ताला टूटे ही रुपए गायब हो गए हैं। पहले कैशियर को उठाया गया। इसके बाद मैनेजर और चपरासी शिकंजे में आए। मंगलवार को पुलिस ने पूरे मामले का खुलासा करते हुए मैनेजर, कैशियर और चपरासी सभी को गिरफ्तार कर मीडिया के सामने पेश किया। घटना पिछले हफ्ते 27 जनवरी को बड़ौदा यूपी बैंक की रसड़ा कोतवाली क्षेत्र के संवरा गांव स्थित शाखा में घटी थी।पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) मोहम्मद फहीम कुरैशी ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच के बाद मंगलवार दोपहर शाखा प्रबन्धक चन्द्रभूषण राय, कैशियर स्वामी नाथ राम और चपरासी सुनील यादव को सवंरा गांव में एक चाय की दुकान से गिरफ्तार कर लिया है। अधिकारी ने बताया कि विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

# यूपी से फर्जी आईएएस गिरफ्तार

**हरदोई (आभा)।** हरदोई से साइबर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने एक फर्जी आईएएस को गिरफ्तार किया है। आरोपी खुद को हरदोई में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट बताकर महिला अधिकारियों से ठगी करता था। आरोपी ने एक महिला अधिकारी से तो 2.10 लाख की ठगी भी कर ली थी। पुलिस ने फर्जी आईएएस को पकड़ने के लिए योजना बनाई और उसे गिरफ्तार कर लिया। पीड़ित महिला अधिकारी



ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

पुलिस कार्यालय में मामले का खुलासा करते हुए एसपी नीरज कुमार जादौन ने बताया कि पड़ोसी जनपद की एक महिला अधिकारी ने साइबर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप था कि प्रतापगढ़ भगवानपुर निवासी अनिकेश पांडेय ने मुकेश कुमार पांडेय के नाम से मैट्रिमोनियल वेबसाइट पर आईएएस अधिकारी की फर्जी आईडी बनाई। 11 फरवरी, 2024 को उसके संपर्क में आने के बाद उससे व परिवार से शादी की बात की। बातचीत के दौरान बहाने से रुपये ठग लिए। बताया कि सैलरी नहीं मिली है। बाद में शक होने पर रुपये वापस मांगे तो जान से मारने की धमकी दी।

## महाकुंभ भगदड़ में मृतकों की संख्या बताये सरकार:कांग्रेस ने राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

**—भारतीय बस्ती संवाददाता—**

बस्ती,। महाकुंभ में हुये हादसे में मृतकों की संख्या सार्वजनिक किये जाने की मांग को लेकर कांग्रेस पार्टी ने राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन स्थानीय प्रशासन को सौंपा। ज्ञापन सौंपने के उपरान्त जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र पाण्डेय 'ज्ञानू' ने कहा महाकुंभ हादसे में मरने वालों की संख्या को लेकर देश भर में तरह तरह की बातें हो रही हैं।



कांग्रेस पार्टी घटना को लेकर मर्माहत है, और मृतकों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करती है। कांग्रेस पार्टी मृतकों के परिवारों को ढ़ाढ़स बधाते हुये उनकी हर संभव मदद करना चाहती है। ऐसे में महाकुंभ में जिन श्रद्धालुओं को अपनी जांन गंवानी पड़ी है उनके बारे में पूरी जानकारी जरूरी है। सूची जारी होने पर तरह तरह के अफवाहों पर विराम भी लगेगा। कांग्रेस अध्यक्ष ने यह भी कहा कि सरकारी आंकड़ों की मानें तो अभी तक महाकुंभ में पहुंचकर 34 करोड श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं।

सरकार के पास हर रोज का आंकड़ा है। करोडों की संख्या इतनी आसानी से गिनी जा सकती है तो मरने वालों की संख्या बताने से गुरेज क्यों है। इससे लगता है सरकार कुछ छिपा रही है और बहुत बड़े रहस्य पर परदा डालना चाहती है। ज्ञापन सौंपते समय प्रमुख रूप से मो. रफीक खां, लालजीत पहलवान, डीएन शास्त्री, गंगा मिश्रा, आशुतोष पाण्डेय, चन्द्रप्रकाश पाठक, अतीउल्लाह सिद्धीकी, रामभवन शुक्ल, इजहार अहमद, गिरजेश पाल, लक्ष्मी यादव, अवधेश सिंह, अलीम अख्तर, शब्बीर अहमद, मो. अकरम, आनंद निषाद, सर्वेश शुक्ल, मंजू पाण्डेय, साधूरसन आर्य, संदीप श्रीवास्तव, डा. वाहिद सिद्धीकी, शौकत अली, सेराज अहमद, मो. अशरफ अली, विश्वजीत शुभम, सोनाथ निषाद, सरोज बाला कनौजिया आदि मौजूद रहे।

## महाकुंभ भगदड़ मामले में मुख्यमंत्री को गाली देने से रोका तो मुसलमानों ने हिन्दू युवक को पीटा.!

**—भारतीय बस्ती संवाददाता—**

बस्ती । रूधौली थाना क्षेत्र के भुसुडा उर्फ हनुमानगंज निवासी नीतीश जायसवाल पुत्र ओम प्रकाश जायसवाल को मुस्लिम समुदाय द्वारा मारने पीटने, हत्या करने की नीयत से गला दबाने के मामले में मंगलवार को विश्व हिन्दू महासंघ जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह के नेतृत्व में पीडित ने पुलिस अधीक्षक को सम्बोधित पत्र कार्यालय को सौंपा। मांग किया कि दोषियों के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कर दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाय।

एसपी को दिये पत्र में नीतीश जायसवाल ने कहा है कि सोमवार 3 फरवरी को पड़ोसी सोमन पुत्र रजई के यहां ब्रम्हभोज था। सामान कम पड़ जाने पर वह हनुमानगंज बाजार सामान लेने गया और वापसी के समय रास्ते में शिवमंदिर के निकट मुस्लिम समुदाय के लोग एकत्र होकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को गालियां दे रहे थे कि कुंभ में सब मर जाते तो ठीक था, काफिरों की संख्या कम हो जाती। नीतीश जायसवाल ने जब कहा कि



### —विश्व हिन्दू महासंघ ने एसपी से किया दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग

ऐसा क्यों कह रहे हो तो असलम व शेर अली पुत्रगण स्वर्गीय मोहर अली, गोलू, सन्नो, शबाना पुत्रीगण असलम, असमीन खातून पुत्री स्वर्गीय मोहर अली सहित 10 अन्य लोगों ने उसे मारना पीटना शुरू कर दिया। उसे इन लोगों ने लाठी, डंडा, धारदार हथियार से हमला किया। उसका गला दबा दिया जिससे उसकी सांस रूक गई। किसी तरह से उसकी जान बची।

विश्व हिन्दू महासंघ जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह ने कहा कि यह स्थितियां दुर्भाग्यपूर्ण है। मांग किया कि दोषियों के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कराकर दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाय। पत्र देते समय विश्व हिन्दू महासंघ के सौरभ तिवारी, बालकृष्ण सिंह, कुलदीप मिश्र, संदीप कुमार, विपिन सिंह, राकेश सिंह, राजेश मद्धेशिया, ओम प्रकाश यादव आदि शामिल रहे।

## फर्जी दस्तावेज पर ऋण लिए वाहनों को बिक्री करने वाले तीन गिरफ्तार

**संवाददाता—गोण्डा।** कूट रचित दस्तावेज के सहारे बैंक से ऋण लिए वाहनों को इंडोनेपाल सीमा पर बिक्री करने वाले तीन लोगों को ललिया पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनके पास ऋण लिए गए तीन लग्जरी स्कार्पियो गाड़ी बरामद हुए हैं। वे वाहनों को नेपाल बिक्री के लिए ले जा रहे थे। धर पकड़ व वाहन बरामदगी सोमवार शाम ललिया थाना अन्तर्गत मुसहवा नाला मंगराकोहल के निकट हुई है।

पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने बताया कि जिले में फर्जी कागजात पर वाहन बिक्री करने वाले गिरोह के सक्रियता की सूचना मिल रही थी। सोमवार शाम ललिया के थाना प्रभारी बृजानंद सिंह, उप निरीक्षक अमर सिंह, ऋषिकेश पाण्डेय, हेड कांस्टेबल महीप शुक्ल, अजय प्रताप यादव, कांस्टेबल योगेश, लखविंदर सिंह, धर्मेन्द्र कुशवाहा, उपदेश वर्मा, संदीप यादव व वैभव मिश्र गश्त पर निकले थे। पुलिस को सूचना मिली कि बलदेव नगर में तीन लोग तीन स्कार्पियो गाड़ी के साथ मौजूद हैं। वे किसी आपराधिक घटना को अंजाम देना चाहते हैं। तीनों नेपाल की ओर निकले हैं। पुलिस ने मुसहवा नाला मंगराकोहल के निकट दो सफेद व एक काले रंग के स्कार्पियो चालक से पूछताछ की। तीनों ने अपना नाम पता चंदन जायसवाल (46) पुत्र स्व. सुरेन्द्र जायसवाल 171 न्यू आजाद नगर सतवारी रोड दुर्गा चौराहा जनपद कानपुर नगर, लवजोत (35) पुत्र रवीन्द्र सिंह 124/85, 11 ब्लाक गोविंद नगर बाटा वाली गली कानपुर नगर व इरफान (36) पुत्र अब्दुल हनीफ घुमनहवा ललिया बलरामपुर बताया। पूछताछ के दौरान पता चला कि वे आधार, पैन कार्ड व निर्वाचन कार्ड को कम्प्यूटर से एडिट कर अपना नाम पता बदल लेते हैं। विभिन्न बैंकों से गाड़ी फाइनेंस कराते हैं। फर्जी कागजात के आधार पर ही आरटीओ आफिस से गाड़ी का रजिस्ट्रेशन करा लेते हैं। वे किश्त जमा नहीं करते और गाड़ियों को कानपुर से दूर नेपाल बार्डर वाले जिलों में ले जाकर बिक्री कर लेते हैं। वे अपना शिकार कम पढ़े लिखे लोगों को बनाते हैं। ग्रांहकों के गाड़ी ट्रांसफर कराने की बात कहने पर उस पर उल्टा दबाव बनाते हैं। किसी—किसी केस में गाड़ी को ग्रांहकों से वापस भी ले लिया है। वे गाड़ी वापसी के बाद तीसरे व्यक्ति के हाथ से गाड़ी बिक्री कर लेते हैं।

पकड़ी गई गाड़ियों को किदवईनगर कानपुर व रूपनगर कानपुर से फाइनेंस कराया गया है, जिस पर 12—12 लाख रुपए का लोन है। काले रंग की स्कार्पियो गाड़ी शिवपुरा बाजार निवासी नंदकुमार को चार लाख 90 हजार रुपए में अप्रैल माह में बेची। वर्ष 2022 में महराजगंज तराई निवासी रसीद खान व आलम को दो गाड़ियां बेची हैं। फिर बाद में उन्हें धमकाकर गाड़ियां वापस ले ली, जिसे वे नेपाल बेचने जा रहे थे। चंदन के खिलाफ कानपुर व उन्नाव में चार आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। लवजोत पर भी कानपुर में दो आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। इसी तरह इरफान के खिलाफ ललिया थाना में मुकदमा दर्ज है। एसपी ने अभियुक्तों को पकड़ने वाली पुलिस टीम को 25 हजार रुपए नकद पुरस्कार दिए जाने की घोषणा की है।

## प्रयागराज नहाने गया युवक लापता, मदद की गुहार

**संवाददाता—गोण्डा।** मामला कोतवाली इटियाथोक के तेलयानी कानूनगो के मजरा ककरहवा निवासी राजेश (40) पुत्र संतराम अपनी पत्नी श्रीदेवी और दो बच्चों के साथ अपने ससुराल रंजीत नगर थाना खरगूपुर से एक प्राइवेट बस से प्रयागराज स्नान के लिए 27 जनवरी की रात में निकले। बस में 62 तीर्थयात्री थे। 28 जनवरी की सुबह तीर्थयात्रियों से भरी बस प्रयागराज के फाफामऊ पहुंची। शाम करीब 7 बजे सभी तीर्थयात्री स्नान की तरफ चल पड़े। भारी भीड़ को देखते हुए मेला प्रशासन ने स्नान करने आए सभी श्रद्धालुओं को संगम के तरफ जाने वाले रास्ते के पास रोक दिया। वहीं पर सभी यात्रियों ने रात गुजारी और उसी में राजेश, सालिक, राम जियावन के साथ अन्य लोग बिना बताए रात ही में स्नान करने के लिए संगम की तरफ चल दिए। यह लोग जैसे ही संगम तट की तरफ बढ़े उसी दौरान भगदड़ मचने से चारों साथी बिछड़ गए। किसी तरह सालिक, रामजियावन और एक अन्य साथी बस स्टैंड पहुंचे। वहीं इनके साथ स्नान करने गए राजेश लापता हो गए। प्रयागराज स्नान कराने के लिए ले गए प्राइवेट बस संचालक दीपू पाठक और अन्य साथियों ने मेला क्षेत्र में काफी खोजबीन की लेकिन राजेश का कही कुछ पता नहीं चल पाया। राजेश को छोड़ बस के अन्य तीर्थयात्री 31 जनवरी को वापस आ गए। मेले में लापता राजेश के परिवार के रामानंद, किसान, रिंकू और हरिशंकर रविवार को राजेश की खोजबीन करने के लिए प्रयागराज गए। प्रयागराज मेला क्षेत्र के आसपास, संगम तट, अस्पताल और खोया पाया केन्द्र पर भी पीड़ित परिवार के लोगो ने खूब खोजबीन और एनाउंस करवाया लेकिन राजेश का कही कोई पता नहीं चला। पीड़ित परिवार के रामानंद ने बताया कि हम लोग मंगलवार को प्रयागराज से अयोध्या पहुंचे है। पीड़ित राजेश की पत्नी श्रीदेवी ने बताया करीब दस दिन हो गए पति राजेश के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। पत्नी श्रीदेवी ने प्रशासन ने पति राजेश के सकुशल वापसी के लिए प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

## बाइक सवारों को ट्रक ने रौंदा, एक की मौत, एक गंभीर

**संवाददाता—देवरिया।** जिले के खुखुंदू थाना क्षेत्र के देवरिया—सलेमपुर मार्ग पर सोमवार की रात ट्रक ने बाइक सवारों को रौंद दिया। जिससे बाइक सवार एक युवक की जहां मौत हो गई, वहीं एक युवक गंभीर रूप से घायल है। उपचार के लिए उसे महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। युवक की मौत के बाद परिवार में मातम छा गया है।

पड़ोसी प्रांत बिहार के सिवान जिले के गुठनी थाना क्षेत्र के ग्राम दामोदरा के रहने वाले विकास नाथ तिवारी (33) पुत्र कामेश नाथ तिवारी एवं अनुग्रह नाथ तिवारी (22) पुत्र ध्रुप नारायण तिवारी देवरिया किसी कार्य से एक ही बाइक से गए थे। रात को लौट रहे थे। अभी खुखुंदू थाना क्षेत्र के मुसैला के समीप पहुंचे थे कि ट्रक ने कुचल दिया। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों के सहयोग से दोनों को इलाज के लिए महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, जहां विकास तिवारी को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया, वहीं राकेश तिवारी की हालत गंभीर बनी हुई है। थानाध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने बताया कि सड़क हादसे में एक युवक की मौत हुई है, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल है। ट्रक की तलाश की जा रही है।

## महाकुंभ हादसे में गौरीबाजार के श्यामलाल की भी हुई थी मौत, शव गांव पहुंचा



**संवाददाता—देवरिया।** महाकुंभ के भगदड़ में गौरीबाजार के बलुआ के श्यामलाल गोड़ की भी मौत हुई थी। मंगलवार सुबह उनका बेटा शव लेकर गांव पहुंचा तो घर में कोहराम मच गया। प्रयागराज के एसआरएन अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कर रखा गया था। एसडीएम ने गांव पहुंचा पीड़ित परिवार को सांत्वना दिया। महाकुंभ में देवरिया के मरने वालों की संख्या छह हो गई है। इसमें मां—बेटी समेत पांच महिलाएं और एक पुरूष शामिल हैं। गौरीबाजार के बलुआ निवासी श्यामलाल गोड़ (52) पुत्र गनपत पत्नी चंद्रावती के साथ 27 जनवरी को अपने गांव के कुछ लोगों के साथ ट्रेन से महाकुंभ में नहाने गए थे। बताया जाता है 29 जनवरी को मौनी अमावस्या से पहले रात को हुई भगदड़ में दब कर उनकी मौत हो गई थी। काफी ढूंढ़ने बाद भी उनका पता नहीं चला तो पत्नीचंद्रावती ने इसकी जानकारी बंग्लौर कमाने गए अपने बेटे भागीरथी को दी। पोस्टमार्टम के बाद उनके शव को प्रयागराज के एसआरएन अस्पताल के मोर्चरी में रखा गया था। इधर, भगदड़ से किसी तरह बच के निकले गांव के लोगों को उनका कहीं पता नही चला तो गांव लौट आए थे। तभी से परिवार के लोगों खोजने में जुटे थे। पुत्र भागीरथी रविवार को प्रयागराज पहुंचा और पिता को ढूढ़ने लगा। पिता को ढूढ़ते हुए प्रयागराज के एसआरएन अस्पताल पहुंचा तो मर्चरी में पिता का शव मिला। सोमवार देर रात पिता के शव के साथ गांव पहुंचा तो घर में कोहराम मच गया। सूचना पाकर एसडीएम सदर विपिन द्विवेदी अन्य अधिकारियों के साथ घर पहुंचे और पीड़ित परिवार को सांत्वना दी। अब तक गौरीबाजार क्षेत्र के भटौली खुर्द की रमावती देवी, छेरिहां की सुधा और अब बलुआ के श्यामलाल की महाकुंभ के भगदड़ में मौत की बात सामने आ चुकी है। महाकुंभ के भगदड़ में मरे श्यामलाल के दो पुत्र भागीरथी, दीपू व एक पुत्री नीतू है।

## एक्सपोजर विजिट पर छात्र दल लखनऊ रवाना

**संवाददाता—श्रावस्ती।** समग्र शिक्षा अभियान के तहत मंगलवार को छात्रों का दल एक्सपोजर विजिट के लिए लखनऊ रवाना हुआ। जिन्हें इकौना विकास क्षेत्र के पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय कटरा गुलरिहा से रवाना किया गया। यह बच्चे लखनऊ में विभिन्न स्थलों का भ्रमण कर जानकारी प्राप्त करेंगे। परिषदीय विद्यालयों में शैक्षिक परिवेश को बेहतर बनाने व बच्चों की विद्यालय में रुचि लाने के उद्देश्य से तमाम प्रयास किए जा रहे हैं। तमाम उत्साही अध्यापक भी अपने स्तर से विद्यालय में शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार करते हुए कान्वेंट स्कूलों को टक्कर दे रहे हैं। इसी के तहत मंगलवार को पीएम श्री उच्च विद्यालय कटरा गुलरिहा के प्रधानाध्यापक नीलमणि शुक्ल, शिक्षिका सुषमा तिवारी व शिक्षक उमेश सिंह सोमवंशी की अगुवाई में बच्चों को प्राकृतिक तत्वों व वैज्ञानिक तथ्यों से अवगत कराने के उद्देश्य से लखनऊ ले जाया गया। पहले दिन बच्चों ने लखनऊ पहुंच कर आंचलिक विज्ञान केंद्र (साइंस सिटी) का भ्रमण किया। नीलमणि शुक्ल ने बताया कि ऐसी यात्रा से बच्चे किताबी तनाव से मुक्त होते हैं तथा तरोताजा होकर फिर से पढ़ाई में जुटते हैं। इसके साथ ही जिन तथ्यों को वह किताब में देखते है उन्हे प्रत्यक्ष रूप से देखने से उनकी रूचि और बढ़ती है। साथ ही वह तथ्यों को ठीक से समझ भी पाते हैं। जिससे बच्चों का मानसिक विकास होता है।

## पंचायत उपचुनावः 57 पदों के लिए नामांकन आठ को

**संवाददाता—गोण्डा।** जिले के अलग—अलग ब्लॉकों में पंचायत के रिक्त 57 पदों पर होने वाले उपचुनाव की तैयारियां तेज कर दी गई है। इसके लिए नामांकन, मतदान और मतगणना की तारीख निश्चित कर दी गई है। जिला प्रशासन ने अधिकारियों की तैनाती करते हुए सभी को अलग—अलग जिम्मेदारी सौंपी है। जिले में ग्राम प्रधान के पांच, क्षेत्र पंचायत सदस्य के एक तथा ग्राम पंचायत सदस्य के 51 पदों पर चुनाव होगा। वजीरगंज में खानपुर, परसपुर में परेटा, करनैलगंज, कटरा शहबाजपुर, झंझरी में इमरती विशेन के प्रधान के पदों पर चुनाव होगा। परसपुर के मरचौर तीन में बीडीसी सदस्य पद के लिए चुनाव होगा।

जिले के 57 पदों पर होने वाले चुनाव के लिए आठ फरवरी को नामांकन 10:00 बजे से 4:00 तक करने का समय निश्चित किया गया है । इसके अलावा 10 फरवरी को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। उम्मीदवारी वापस लेने के लिए 11 फरवरी को 10:00 से 3:00 तक का समय निश्चित किया गया है। 11 फरवरी को ही 3:00 बजे के बाद से प्रतीक चिह्न आवंटित कर दिए जाएंगे। 19 फरवरी को मतदान सुबह 7:00 से अपराह्न 5:00 बजे तक होगा । 21 फरवरी को 8:00 बजे से मतगणना शुरू कर दी जाएगी।

जिले के मुजेहना में दो, रूपईडीह में छह, इटियाथोक में छह ,झंझरी में एक, करनैलगंज में 13, कटरा बाजार में दो, परसपुर में दो, हलधरमऊ छह, नवाबगंज में तीन, वजीरगंज दो ,मनकापुर में तीन, बभनजोत में पांच और छपिया चार पदों के लिए चुनाव कराए जाएंगे। सकुशल चुनाव संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। में जिला मुख्यालय पर एक मीटिंग कर अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिया गया है। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) नारायण ने बताया कि चुनाव को देखते हुए रिटर्निंग अफसर और सहायक रिटर्निंग अफसर की तैनाती कर दी गई। किसी को किसी प्रकार की दिक्कत होती है तो इन असफरों के संपर्क करके अपनी समस्या रख सकते हैं। 10 —10 अधिकारियों को आरक्षित निर्वाचन अधिकारी , सहायक निर्वाचन अधिकारी के रूप में नामित किया गया है।

## स्वास्थ्य जागरूकता मैराथन में जागरूक किए गए लोग




**संवाददाता—महराजगंज।** केएमसी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के केएमसी डिजिटल हॉस्पिटल के नौवें स्थापना दिवस पर स्वास्थ्य जागरूकता मैराथन का आयोजन किया गया। एसपी सोमेन्द्र मीना व एसडीएम सदर रमेश कुमार ने मैराथन को रवाना किया। इस मैराथन में शामिल लोगों ने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए बेहतर हेल्थ के लिए टिप्स दिया। अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अजय गहलोत, डॉ. भानुप्रिया व जीएम अमितेश गोयल ने अतिथियों का स्वागत किया। मैराथन के शुरुआत में डॉ. देव, जीतू मेघवाल, डॉ. धनंजय व डॉ. जियाउद्दीन ने मशाल को लेकर दौड़ लगाया। मैराथन दौड़ केएमसी अस्पताल से सक्सेना चौक और सक्सेना चौक से केएमसी तक का रूट रहा। बताया गया कि 4 फरवरी 2017 के दिन शांति फाउंडेशन के ट्रस्टी विनय कुमार श्रीवास्तव द्वारा पूर्वांचल के इस क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं को आम जनमानस के लिए उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से रखी गई थी। आज धीरे—धीरे यह परिकल्पना मेडिकल कॉलेज का रूप ले चुकी है और संस्थान में डेढ़ सौ एमबीबीएस के छात्र शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। एसपी ने संस्था के सभी कर्मचारियों, अधिकारियों और चिकित्सकों को अपनी शुभकामनाएं दी। साथ ही संस्था द्वारा समय—समय पर लिए जा रहे सामाजिक कार्यों के लिए उत्साह वर्धन भी किया। इस संपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन नव्या इंडिया फाउंडेशन के तत्वावधान में किया गया, जिसका उद्देश्य आम जनमानस को बेहतर स्वास्थ्य के लिए जागरूक करना था। संस्थान के चेयरमैन विनय कुमार श्रीवास्तव ने संस्थान के सभी कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी के सहयोग से आज केएमसी का परिवार इतना बड़ा हो पाया है।

बुधवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन होगा, जिसमें सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर संस्था की सभी सहयोगी संस्थाएं केएमसी नर्सिंग एवं पैरामेडिकल कॉलेज, दिव्या कॉलेज ऑफ हेल्थ साइंसेज, केएमसी मेडिकल कॉलेज, दिव्या पब्लिक स्कूल के सभी छात्र—छात्राएं और शिक्षक तथा कर्मचारी सहित केएमसी के स्टाफ मैराथन में शामिल रहे। आयोजन में दिनेश, संतोष श्रीवास्तव, जॉन, लीजु, लीनू, ज्ञान मणि, घनश्याम, नरेंद्र, आशा, गीता, आराधना, नीलू, मजबुद्दीन, आनंद, राजेश आदि सक्रिय भूमिका में रहे।

## आतिशबाजी का रहकेट मां के पेट पर फटा, दुधमुंही बच्ची भी झुलसी

**संवाददाता—बलरामपुर।** द्वारपूजा के समय आतिशबाजी रॉकेट का स्टैंड गिर गया। रॉकेट आसमान के बजाय भीड़ की ओर चल गया। एक—एक कर भीड़ में दस राकेट दगे, जिसमें मां व दुधमुंही बच्ची समेत छह लोग झुलसे हैं। मां बेटी की हालत गंभीर है। उन्हें इलाज के लिए लखनऊ रेफर किया गया है। अन्य झुलसे लोगों का इलाज मेमोरियल चिकित्सालय में चल रहा है। पुलिस ने सूझबूझ से काम लेते हुए रात में ही शादी सम्पन्न कराकर दूल्हन की विदाई करा दी। गांव में पुलिस बल तैनात है। घटना स्थाना थाना अन्तर्गत महादेव अतरपरी के मजरे महादेव गांव में सोमवार रात 11 बजे हुई है।

जंगल से सटा गांव है महादेव अतरपरी। मजरे महादेव के निवासी बाबूराम जायसवाल के पुत्री खुशबू की सोमवार को विवाह था। बारात श्रावस्ती जिला अन्तर्गत सिरसिया निवासी विश्वनाथ जायसवाल के घर से आनी थी। खुशबू का विवाह श्यामू के साथ होना था। बारात रात दस बजे महादेव गांव पहुंची। देरी होने के कारण जलपान के तुरंत बाद द्वार पूजा कार्यक्रम शुरू हुआ। सिरसिया के कुछ युवक आतिशबाजी का सामान लाए थे। वे आतिशबाजी उड़ाकर डांस कर रहे थे। इसी बीच दस सेट वाले आसमानी राकेट का स्टैंड टेढ़ा हो गया। पलीते में आग लगते ही रॉकेट इरफान के घर की ओर सांय से निकल पड़ा। महिलाएं अपने—अपने दरवाजे पर खड़ी होकर द्वार पूजा देख रही थीं। एक रॉकेट 35 वर्षीय किताबुन्निशा पत्नी इनफान के पेट से टकराकर फट गया। किताबुन्निशा ने एक माह की दुधमुंही बच्ची माहिरा को गोद में ले रखा था। रॉकेट हवा के बजाए बारी बारी से भीड़ की ओर निकलकर फटता रहा। किताबुन्निशा व माहिरा बुरी तरह झुलस गईं। 24 वर्षीय शबरुन्निशा पत्नी निजाम, 15 वर्षीय मेहरुन्निशा पुत्री इंसाफ व 16 वर्षीय नीलू पुत्री गुल्ले राकेट फटने से चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गए। रॉकेट फटने पर द्वार पूजा में शामिल लोगों के बीच भगदड़ मच गई। झुलसे लोगों को इलाज के लिए जिला मेमोरियल चिकित्सालय भेजा गया। प्रभारी निरीक्षक अभिषेक सिंह व डायल 112 टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने सभी झुलसे लोगों को इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया। किताबुन्निशा व माहिरा की हालत गंभीर देखकर उन्हें इलाज के लिए लखनऊ रेफर कर दिया गया। अन्य की हालत खतरे से बाहर बताई गई है।

चूंकि मामला दो गुटों से जुड़ा था, इसलिए घटना के बाद पुलिस चौकन्नी हो गई। प्रभारी निरीक्षक अभिषेक सिंह ने रात दो बजे तक श्यामू व खुशबू का विवाह सम्पन्न करा दिया। उनकी विदाई कराकर घर भेज दिया। गांव की गलियों में पुलिस की गश्त बढ़ा दी गई। रात में ही दूल्हे के पिता व उनके चचेरे भाई को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि आतिशबाजी किसने की। अतिशबाजी की खरीदारी कहां से हुई थी, इस बात की भी जांच की जा रही है। किताबुन्निशा के घर सन्नाटा पसरा हुआ है। इसी तरह बाबूराम जायसवाल के घर से अधिकांश रिश्तेदार जा चुके हैं। उनके घर भी सन्नाटा है। अभिषेक सिंह, प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि अतिशबाजी उड़ाते समय झुलसकर आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं। अभी तक प्रकरण पर तहरीर नहीं मिली है। गांव में एहतियात के तौर पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। मामले की छानबीन की जा रही है।

## अपराधी पढ़े लिखे लोगों को कर रहे डिजिटल अरेस्ट —एसपी

**संवाददाता—गोण्डा।** पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर में आयोजित साइबर जन जागरूकता अभियान कार्यक्रम मे ग्राम प्रधानों व व्यापारियों को जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान ग्राम प्रहरियों को कंबल वितरण व स्वयं सेवी संस्था के सदस्यों का सम्मान भी हुआ।

पुलिस अधीक्षक का ग्राम प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अमित अवस्थी,अजीत सिंह,मदन मोहन पाण्डेय,रिंकू ओझा,दिवाकर शुक्ला,दिनेश कुमार आदि ने अंगवस्त्र व पृथ्वीनाथ मंदिर की प्रतिमा देकर स्वागत किया। वहीं राजेश रस्तोगी के नेतृत्व में विनोद सोनी,राजेश सोनी आदि व्यापारियों ने स्मारिका व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। मंगलवार को थाना परिसर में आयोजित गोष्ठी में एसपी विनीत जायसवाल ने ग्राम प्रधानों व व्यापारियों से कहा कि आज ठगों ने ठगी के नए रीके खोज लिए हैं। इसमें डिजिटल अरेस्ट, क्रिप्टो करेंसी व लोगों का मोबाइल नंबर व आधार आदि के जरिए छात्र, प्रोफेसर व समाज के बुद्धिजीवी लोगों को का शिकार बनाते हैं। इससे बचने के लिए अपना बैंक डिटेल,ओटीपी एवं व्यक्तिगत जानकारी कतई साझा न करें। सोशल मीडिया पर अनजान लोगों की फ्रेंड रिक्वेस्ट, वीडियो काल व लुभावने आफर आदि से बचना चाहिए। टू स्टेप वेरिफिकेशन अवश्य लगाना चाहिए। एसपी जायसवाल ने कहा कि अभी हाल ही में जिले के अफसर व डॉक्टर को डिजिटल अरेस्ट करके करीब एक करोड़ रुपये की ठगी हो चुकी है। इसलिए ऐसे काल आने के बाद आप अपना दिमाग पुलिस द्वारा चलाये जा रहे साइबर कवच अभियान को जरूर याद करें। उन्होंने कहा कि ठग ऐसे ठगी के रुपयों को केरल,झारखण्ड व विदेश जैसे देश कजाकिस्तान के रहने वाले लोगों के खाते में पैसे भिजवाते हैं जिनका कोई डिटेल भी नहीं रहता है। गोष्ठी को डीएसपी आनंद कुमार राय और प्रभारी निरीक्षक कमलाकांत त्रिपाठी ने भी संबोधित किया। इस मौके पर धर्मेन्द्र कुमार मिशा, लइक अहमद, निजामुद्दीन खान, भूपेन्द्र सिंह, संदीप सिंह, नईम अहमद सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

## राजस्व मामलों के निस्तारण में तहसीलों को मिला पहला रैंक

**संवाददाता—महराजगंज।** शासन की ओर संचालित जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में जिले ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में आठवां स्थान प्राप्त किया है। वहीं, राजस्व विभाग से जुड़े मामलों के समाधान में जिले की चारों तहसीलों ने प्रदेशभर में पहला स्थान हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। जानकारी के अनुसार, जनसुनवाई पोर्टल पर जनता की ओर से विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें दर्ज कराई जाती हैं, इसका त्वरित एवं संतोषजनक निस्तारण शासन की प्राथमिकता होती है। जिला प्रशासन की ओर से शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण समाधान में बेहतर कार्य किया है। प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में जिले को आठवां स्थान मिला है, जो प्रशासन कि सक्रियता और जिम्मेदारी को दर्शाता है। इसके अलावा राजस्व विभाग से जुड़े मामलों में जिले की नौतनवा, फरेंदा, सदर और निचलौल तहसीलों ने मामलों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के चलते प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। जिला प्रशासन का कहना है कि शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। जिलाधिकारी अनुनय झा ने इस उपलब्धि के लिए संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों की प्रशंसा की।

## जानलेवा हमले से अधिवक्ताओं में उबाल, न्यायिक कार्य से विरत रहकर दिखाया तेवर



**संवाददाता—महराजगंज।** महराजगंज में सोमवार को कचहरी आ रहे एक अधिवक्ता पर जानलेवा हमले को लेकर अधिवक्ताओं में उबाल है। घायल अधिवक्ता के हमलावरों को गिरफ्तार करने और अधिवक्ताओं की सुरक्षा देने की मांग को लेकर अधिवक्ता लामबंद हो गए हैं। सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन की आम सभा की बैठक बुलाकर अधिवक्ताओं ने तेवर दिखाए। न्यायिक कार्य से विरत रहते हुए डीएम को पत्रक सौंपकर कार्रवाई की मांग की। कहा कि इस मामले में न्यायोचित कार्रवाई नहीं होती है तो अधिवक्ता संघर्ष का हर रास्ता अख्तियार करने को विवश होंगे। अधिवक्ताओं ने कहा कि न्यायालय आ रहे अधिवक्ता शैलेन्द्र कुमार को रास्ते में रोककर जानलेवा हमला किया गया है। इससे अधिवक्ता को काफी चोट आयी है और वे अस्पताल में भर्ती हैं। इसके विरोध में सभी अधिवक्ताओं में काफी आक्रोशित है। उनकी सुरक्षा तथा हमलावरों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग को लेकर अधिवक्ताओं ने अधिकारियों से मांग की। लामबंद अधिवक्ताओं ने जमकर नारेबाजी की।

## वार्षिकोत्सव में स्कूल के नवनिहालों ने बांधा समा

**संवाददाता—श्रावस्ती।** परिषदीय विद्यालय चहलवा में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नवनिहालों ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांधा। जिसे देख लोग मंत्रमुग्ध हो गए। हरिहरपुररानी विकास क्षेत्र के पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय चहलवा में मंगलवार को वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ जिला समन्वयक सपना सोनी व संत कुमार ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद बच्चों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रस्तुत किया गया। जिसमें सरस्वती वंदना व स्वागत गीत के साथ ही शिक्षा के महत्व तथा देश प्रेम के विषय पर विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई। जिसे देख समारोह में मौजूद लोग मंत्रमुग्ध हो गए। इस दौरान जिला समन्वयक सपना सोनी ने कहा कि अच्छी शिक्षा व संस्कार ही जीवन को एक नया रुप देते हैं। हमें समाज को शिक्षित व संस्कारित बनाने के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। परिवार के बढ़ने के साथ—साथ उनकी युवा पीढ़ी को संस्कारित व सकारात्मक मार्ग दर्शन की आवश्यकता है। एआरपी तरुण कुमार गुप्त की ओर से बच्चों को शैक्षणिक तथा गैर शैक्षणिक गतिविधियों में सामंजस्य स्थापित करते हुए पढ़ाई के साथ—साथ सांस्कृतिक व खेल—कूद की गतिविधियों में भी सक्रिय रहने के लिए प्रेरित किया गया। एआरपी महेश चंद्र शुक्ला ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। वहीं एआरपी अनूप श्रीवास्तव की ओर से बच्चों को पुरस्कार प्रदान किया गया। इस मौके पर शिक्षक संकुल अंकित श्रीवास्तव, प्रधानाध्यापक कदीर अहमद, शिक्षक रईस अहमद, गौरव श्रीवास्तव, सुमन सिंह, कैसरजहां, रोशनजहां, रेनू कटियार, मोहम्मद अहमद, वर्तिका श्रीवास्तव, बबिता देवी आदि मौजूद रहे।

## श्रीसीता सदन में विराजे श्रीसीताराम और हनुमान जी



**—भारतीय बस्ती संवाददाता—**

अयोध्या। माघ मास के शुक्ल पक्ष की बंसत पंचमी तिथि मां सरस्वती के जन्मोत्सव बसंत पंचमी पर प्रभु श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या के गोला बाजार मोहल्ले में श्री सीता सदन मंदिर में, श्री सीता सदन सेवा ट्रस्ट के संस्थापक डॉ सीतारमण शरण महाराज के सानिध्य में प्रभु श्री राम माता सीता हनुमान जी महाराज की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई जो 30 जनवरी से चल रही थी, प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष में 3 फरवरी से 14 फरवरी तक 1100 अखंड सुंदरकांड का पाठ किया जाएगा और 15 फरवरी को वृहद भंडारे के साथ प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का समापन होगा। यह पूरा आयोजन महंत किशोरी शरण महाराज के आयोजन में चल रहा है। गोला बाजार में श्री सीता सदन श्रद्धालुओं के लिए नए रूप में प्रतिष्ठित किया गया है क्योंकि प्राण प्रतिष्ठा के बाद मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं और भक्तों की संख्या बढ़ गई थी जिससे इसको नए कलेवर में बना करके ठाकुर जी के प्राण प्रतिष्ठा के साथ मंदिर से जुड़े भक्तों अयोध्या में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बनाया गया है।

महंत किशोरी शरण महाराज ने बताया कि मंदिर पुराना हो गया था इसको नए रूप में बनाया गया है जिससे सैकड़ो वर्षों तक यह अपने अस्तित्व में भक्तों की सेवा करता रहे, 30 जनवरी से ठाकुर जी के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ हुआ, बसंत पंचमी के शुभ मुहूर्त पर वैदिक विद्वानों मंत्रोच्चारण के साथ ठाकुर जी की प्राण प्रतिष्ठा की गई, प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व ठाकुर जी को नगर भ्रमण कराया गया जलाधिवास, अन्नाधिवास,दुग्धाधिवास, फलाधिवास के बाद बसंत पंचमी के शुभ मुहूर्त पर पंचामृत से अभिषेक कराया गया, नवीन वस्त्र धारण कराया गया उसके बाद प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव संपन्न हुआ।

जगत कल्याण के लिए श्री सीताराम जी महाराज और हनुमान जी महाराज की प्राण प्रतिष्ठा की गई है, प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव जो 30 जनवरी से प्रारंभ हुआ था 3 फरवरी को प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के साथ 1100 सुंदरकांड के पाठ का संकल्प लिया गया है जो 14 फरवरी तक चलेगा और 15 फरवरी को वृहद भंडारे के साथ महोत्सव का समापन होगा।

## मंदिर से चोरी हुई तीनों मूर्तियां लावारिस हालत में बरामद हुई

**संवाददाता—श्रावस्ती।** एक माह पहले लक्ष्मनपुर श्रीराम जानकी मंदिर से तीन अष्टधातु की मूर्तियां चोरी हो गई थी। करीब एक महीने बाद मूर्तियों को शमशान घाट के पास एक गड्ढे से लावारिस बरामद किया गया। जिन्हें वापस मंदिर में स्थापित किया गया। कोतवाली भिनगा क्षेत्र के लक्ष्मनपुर बाजार में श्रीराम जानकी मंदिर बना है। जिसमें देवी देवताओं की आधा दर्जन से अधिक मूर्तियां रखी हुई थी। एक महीना पहले पांच जनवरी की रात में चोर मंदिर में स्थापित श्रीराम, माता सीता व लक्ष्मण जी की मूर्तियां चोरी कर ले गए थे। सुबह मंदिर से मूर्ति चोरी की सूचना पुलिस को दी गई। साथ ही मंदिर के पुजारी की ओर से तहरीर देकर मूर्तियों को बरामद कराने की मांग की गई थी। एसपी ने मूर्तियों को बरामद करने के लिए टीम को लगाया था। मंगलवार सुबह लक्ष्मनपुर में बनी पानी टंकी के बगल स्थित शमशान घाट के पास कुछ बच्चे खेल रहे थे। इस दौरान बच्चों की नजर पास के ही गड्ढे में गई तो वहां तीन मूर्तियां दिखाई दी। बच्चों की सूचना पर लोग मौके पर पहुंचे और मूर्तियों को उठा लाए। इसके बाद विधि विधान से तीनों मूर्तियों को मंदिर में स्थापित कर दिया गया। साथ ही पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर कोतवाली भिनगा के प्रभारी निरीक्षक भानु प्रताप सिंह, लक्ष्मनपुर चौकी प्रभारी जगतराम मौर्य टीम के साथ मौके पर पहुंचे और लिखा पढ़ी की। मूर्ति बरामद को लेकर सवर्ण आर्मी व अन्य हिन्दू संगठनों की ओर से ज्ञापन देकर मूर्तियों को बरामद करने की मांग भी की गई थी।

# मिल्कीपुर उपचुनावः अखिलेश यादव के आरोपों पर भाजपा ने किया पलटवार, जिला निर्वाचन अधिकारी ने भी दिया जवाब







**संवाददाता–अयोध्या।** मिल्कीपुर उपचुनाव दिलचस्प मोड़ पर पहुंच गया है। बुधवार को सुबह सात बजे से मतदान शुरू हो जाएगा। मंगलवार को पोलिंग पार्टियां मतदान केंद्रों के लिए रवाना कर दी गईं। ऐसे में ही आरोप प्रत्यारोप का भी दौर चल रहा है। सोमवार को मिल्कीपुर में जनसभा करने आए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने निर्वाचन प्रक्रिया में गड़बड़ी को लेकर कई गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने कहा कि मतदाता पर्ची का क्षेत्र विशेष में बीएलओ की ओर से वितरण नहीं किया जा रहा है। चुनाव को प्रभावित करने के लिए प्रदेश सरकार के मंत्रियों और भाजपा विधायक के रिश्तेदारों व दोस्तों को थानेदार और सीओ के रूप में तैनात किया गया है। अखिलेश ने यहां तक कह डाला कि डीएम के इशारे पर उनको गलत कोऑर्डिनेट्स दिए गए ताकि उनका हेलीकॉप्टर मिल्कीपुर में न उतर पाए और वह जनसभा न करने पाएं।

ऐसे में ही भारतीय जनता पार्टी की ओर से जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने सपा अध्यक्ष के आरोपों को लेकर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि उनके सभी आरोप झूठे और तथ्यों से परे हैं। वह चुनाव में अपनी हार सामने देखकर खीझ मिटाने के लिए ऐसा कर रहे हैं। साथ ही जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्र विजय सिंह ने स्पष्ट किया कि मतदाता पर्ची का शत प्रतिशत वितरण कराया जा रहा है। यदि कहीं मतदाता पर्ची नहीं भी पहुंची है तो अन्य विकल्पों का इस्तेमाल करके मतदाता अपना वोट डाल सकता है। ऐसा नहीं है कि मतदाता पर्ची न होने पर वह मतदान से वंचित रह जाएगा।

# ट्रेलर के खराब होने से अकबरपुर टांडा मार्ग पर लगा जाम

**संवाददाता–अम्बेडकरनगर।** कोयला लेकर बलरामपुर जनपद जा रहे ट्रेलर का प्रेशर पाइप अकबरपुर टांडा मार्ग स्थित अरिया बाजार के निकट फट गया। इससे ट्रेलर सड़क के बीचोबीच खड़ा हो गया। इससे यहां जाम लग गया। जाम की समस्या और न बढ़े इसे देखते हुए टांडा की तरफ से आने वाले वाहनों को इनामीपुर के पास जबकि अकबरपुर से जाने वाले वाहनों को कटरिया याकूबपुर से डायवर्ड कर दिया गया। लगभग डेढ़ घंटे बाद प्रेशर पाइप दुरूस्त करने के बाद यातायात सुचारू हो सका। मंगलवार दोपहर करीब एक बजे अकबरपुर की तरफ से कोयला लादकर टांडा की तरफ जा रही ट्रेलर का अरिया बाजार के निकट नहर के पास प्रेशर पाइप फट गया। जिससे वाहन बीच सड़क पर ही खड़ा हो गया। इससे दोनों तरफ कुछ ही देर में वाहनों की लम्बी कतार लग गई। जानकारी मिलते ही यातायात पुलिस व अरिया चौकी की पुलिस मौके पर पहुंच कर वाहनों को लाइन से खड़ा कराना शुरू किया। समस्या और न बढ़े इसे देखते हुए टांडा से अकबरपुर की तरफ आने वाले वाहनों को टांडा बाईपास के निकट इनामीपुर से वाहनों को बसखारी की तरफ से भेजा जाने लगा। वहीं, अकबरपुर से टांडा को जाने वाले वाहनों को कटरिया के निकट से बसखारी मार्ग पर डायवर्ड कर दिया गया। यातायात प्रभारी जयबहादुर यादव ने बताया कि लगभग डेढ़ घंटे में वाहन का प्रेशर पाइप बदले जाने के बाद यातायात को बहाल किया जा सका। वहीं, करीब डेढ़ घंटे तक जाम में फंसे वाहन चालकों व लोगों को कई तरह की मुश्किलों का सामना करना पड़ा।

# हाईवे पर कोटेदार को ट्रेलर ने कुचला, मौत, शव रख किया प्रदर्शन






**संवाददाता–गोरखपुर।** गगहा थाना क्षेत्र के परेशापार में गोरखपुर वाराणसी हाइवे पर डिवाइजर पार कर रहे बुजूर्ग को तेज रफ्तार ट्रेलर ने कुचल दिया। ट्रेलर के पहिए के नीचे गर्दन आ जाने से मृतक का गर्दन धड़ से अलग हो गया, जिससे मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद ट्रेलर का चालक मौके से फरार हो गया।

पुलिस ने ट्रेलर को हिरासत में ले लिया है। हादसा हाईवे पर पारेशापार सिंह ढ़ाबे के पास मंगलवार दोपहर लगभग 12 बजे हुआ। जानकारी के मुताबिक, मृतक की पहचान जगदीशपुर भलुवान निवासी दिग्विजय सिंह (55) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह सरकारी कोटे की दुकान चलाते हैं। वह बाइक से अपनी पत्नी फूलमती तिवारी के साथ कौड़ीराम जा रहे थे। परेशापार सिंह ढाबे के पास सड़क के किनारे बाइक खड़ी कर रजिस्टर की फोटो कापी कराने के लिए सड़क पार कर रहे थे। तभी बड़हलगंज की तरफ से गोरखपुर जा रही टेलर की चपेट में आ गए और ट्रेलर के नीचे फंस गए, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पत्नी वहीं सड़क के किनारे खड़ी थीं।अपनी आंखों के सामने घटना घटित देख बेहोश हो गईं। सुचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए और राष्ट्रीय राजमार्ग जाम कर प्रदर्शन करने लगे। थोड़ी देर बाद क्षेत्राधिकारी बांसगांव दरवेश कुमार, नायब तहसीलदार वासगांव जिवेन्द्र त्रिपाठी मौके पर पहुंचे।

इस दौरान गगहा और बांसगांव थाने की पुलिस मौजूद रही। सीओ ने ग्रामीणों को समझा–बुझाकर एक घंटे बाद सड़क खाली कराया और आवागमन बहाल कराया। मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## भक्तों की वजह से 18 घंटे खुल रहा है मंदिर, महज पांच घंटे के लिए रामलला को मिलता है विश्राम



**संवाददाता–अयोध्या।** वसंत पंचमी पर प्रयागराज में डुबकी लगाने के बाद श्रद्धालुओं का प्रवाह अयोध्या की ओर हो रहा है। मंगलवार को भी सात लाख से अधिक श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे। आने वाले श्रद्धालुओं में रामलला के दर्शन की सबसे ज्यादा ललक दिख रही है। इसी के चलते रामलला सिर्फ पांच घंटे ही विश्राम कर रहे हैं। राम मंदिर 18 घंटे तक खुल रहा है। रोजाना तीन लाख से अधिक श्रद्धालु रामलला के दर पर माथा टेक रहे हैं। प्रयागराज से आ रहे श्रद्धालुओं ने मंगलवार को पावन सलिला सरयू में डुबकी लगाई। इसके बाद राम जी की शरण में पहुंचे। रामलला के साथ ही साथ सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी में भी भक्तों की कतार लगी रही। पिछले एक सप्ताह के भीतर राम मंदिर में 20 लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शन पूजन कर चुके हैं। अधिक से अधिक श्रद्धालु रामलाल के दर्शन कर सकें इसलिए मंदिर सुबह 5:00 से लेकर रात 11:00 तक खोला जा रहा है। हर घंटे करीब 20 हजार श्रद्धालु रामलला के दर्शन कर रहे हैं। दर्शन के लिए 11 कतार बनाई गई है। असम से आये कविराज ने बताया की प्रयागराज से ज्यादा अच्छी व्यवस्था राम मंदिर में है। सुगमता से दर्शन हो रहे हैं। रामलला के दर्शन कर मन प्रसन्न है। प्रसाद भी मिला है। इसे अपने इलाके में लोगों को देंगे। महाराष्ट्र निवासी कनिका की उम्र 63 साल है लेकिन रामलला के दर्शन के बाद उनमें गजब की ऊर्जा दिख रही थी। पूरे उत्साह से जयकारे लगा रही थीं, कहा कि चार साल बाद अयोध्या आये हैं। अब रामनगरी भव्य हो गई है। बलरामाचारी दुबे, एसपी सुरक्षा ने कहा कि राम मंदिर में लगातार भीड़ उमड़ रही है। रोजाना करीब तीन लाख श्रद्धालु दर्शन पूजन कर रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए सीआरपीएफ, एटीएस की टीम, पीएसी सहित अन्य सुरक्षा बलों को लगाया गया है। कंट्रोल रूम से लगातार निगरानी की जा रही है। भीड़ नियंत्रण के लिए श्रद्धालुओं की निकासी अभी गेट नंबर तीन से ही कराई जा रही है। सुगम और विशिष्ट दर्शन पास धारकों को रंगमहल बैरियर से प्रवेश दिया जा रहा है।

# तीन लाख 70 हजार मतदाता चुनेंगे अपना विधायक, 10 उम्मीदवार मैदान मेंय भाजपा और सपा में टक्कर

**संवाददाता–अयोध्या।** मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के 414 बूथों पर मतदान कराने के लिए पोलिंग पार्टियां मंगलवार शाम तक पहुंच गईं। बुधवार को सुबह सात बजे से सभी बूथों पर मतदान शुरू हो जाएगा। शाम पांच बजे मतदान खत्म होने के साथ ही भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी समेत 10 उम्मीदवारों के भाग्य ईवीएम में कैद हो जाएंगे। मतगणना आठ फरवरी को होगी। विधानसभा क्षेत्र को चार जोन में बांटकर सुपर जोनल, जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात कर दिए गए हैं। उपचुनाव में मतदान कराने के लिए मंगलवार सुबह नौ बजे से राजकीय इंटर कॉलेज में पोलिंग पार्टियों में शामिल पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय व तृतीय पहुंचने लगे। यहां पर बनाए गए अलग–अलग काउंटरों से सभी मतदान कार्मिकों ने ईवीएम, वीवीपैट और स्टेशनरी प्राप्त की। इसके बाद परिवहन विभाग की ओर से उपलब्ध कराए गए वाहनों से दोपहर में पोलिंग पार्टियों की रवानगी शुरू हो गई। मतदान कार्मिकों के साथ ही बूथों पर तैनाती के लिए पुलिस फोर्स की भी रवानगी हुई।

इस समूची प्रक्रिया पर जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्र विजय सिंह और सीडीओ कृष्ण कुमार सिंह समेत अन्य अधिकारी नजर रखे हुए थे।



डीएम ने बताया कि सभी पोलिंग पार्टियों की रवानगी हो गई है। वैसे तो मतदान सुबह सात बजे से शुरू होकर शाम पांच बजे तक चलेगा लेकिन मतदाताओं की लाइन लंबी रही तो शाम पांच बजे तक बूथ पर मौजूद अंतिम वोटर तक को चुनाव आयोग की प्रक्रिया के अनुसार टोकन देकर मतदान कराया जाएगा। डीएम ने सभी मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें। 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले जो युवा मतदाता, पहली बार वोट डालने जा रहे हैं, वे खासतौर पर उत्साह के साथ लोकतंत्र के इस महापर्व में शामिल हों। बताया कि मतदान करने के लिए मतदाता पर्ची होने की बाध्यता नहीं है। अन्य विकल्पों का इस्तेमाल करके भी वोट डाला जा सकता है। वैसे भी दो दिन पहले तक 97.26 फीसदी मतदाता पर्ची वितरित की जा चुकी है। बाकी पर्चियों का वितरण भी कराया जा रहा है।

एआरटीओ राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि जीआईसी से पोलिंग पार्टियों को मिल्कीपुर के बूथों तक पहुंचाने के लिए 114 वाहनों की व्यवस्था की गई थी। इन वाहनों पर रूट चार्ट लगाकर सभी मतदान कार्मिकों को रवाना कर दिया गया है। सेक्टर मजिस्ट्रेटों को 23 वाहन उपलब्ध करवाए गए हैं। इसके अलावा सुरक्षा बलों के जवानों की रवानगी के लिए पुलिस लाइन में 167 वाहनों की व्यवस्था की गई। पीठासीन अधिकारी ऋचा उपाध्याय ने बताया कि सभी मतदान कार्मिक निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए तैयार हैं। इसके लिए दो बार ट्रेनिंग भी हुई है। सभी प्रक्रिया बेहतर ढंग से समझाई गई है।

## छात्र संगठन ने बदलते पर्यावरण पर जताई चिंता

**संवाददाता–गोरखपुर।** दिशा छात्र संगठन की ओर से मंगलवार को डीडीयू में 'पर्यावरण का गहराता संकट और युवाओं की जिम्मेदारी विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। इसमें सभी छात्रों ने इस बात पर सहमति जताई कि जब तक मुनाफे पर टिकी पूंजीवादी व्यवस्था रहेगी, तब तक पर्यावरण का विनाश होता रहेगा। मुख्य वक्ता प्रसेन ने बदलते पर्यावरण पर चिंता जताई। संचालन आकाश ने किया। कार्यक्रम में दीपक, प्रीति, विनय, रवि, अहमद हजला, रामू, रिया, व रोहित आदि मौजूद रहे।

## जिस चोर का करवाया जमानत, उसी ने वकील की जेब से उड़ा लिए चालीस हजार

**संवाददाता–गोरखपुर।** वकील जिस चोर का केस लड़ कर उसकी जमानत करवाया उसी चोर ने मौका देखते ही वकील की कोट से 40 हजार निकाल कर फरार हो गया। अधिवक्ता ने आरोपी चोर के खिलाफ कैंट थाने में तहरीर दी, जिसके आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। आरोपी की तलाश की जा रही है। जानकारी के मुताबिक जंगल सिकरी के रहने वाले अधिवक्ता धर्मेंद्र कुमार सिंह वकील हैं। तिवारीपुर के जाफरा बाजार निवासी आलम को आरपीएफ ने गिरफ्तार किया था। उसे रेलवे न्यायालय में पेश किया गया, जहां अधिवक्ता ने उसका मुचलका भरकर उसे जमानत पर छुड़वा दिया।आलम ने अधिवक्ता से कहा कि उसके घर से लोग पैसे लेकर आ रहे है, वह उनका इंतजार करेगा।इसी दौरान अधिवक्ता ने अपना बैग और हाफ कोट पास में रखा हुआ था, मौका मिलते ही आलम ने वकील के हाफ कोट से 40 हजार रुपये निकाल लिए और चुपचाप वहां से भाग निकला। पैसे चोरी होने के बाद अधिवक्ता धर्मेंद्र कुमार सिंह ने कैंट थाने में तहरीर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

# विश्व कैंसर दिवस पर नहीं हुआ जिले में बड़ा आयोजन

**संवाददाता–अम्बेडकरनगर।** विश्व कैंसर दिवस पर मंगलवार को जिला अस्पताल में महज औपचारिकता ही निभाई गई। न तो किसी प्रकार का जागरूकता अभियान जिले में कहीं चला और न ही किसी प्रकार क बड़ा आयोजन ही किया गया। महज शिविर लगाकर ओपीडी में आए सामान्य मरीजों का ही इलाज सनिश्चित किया गया। तेजी से बढते प्रदषण के चलते बीते कछ वर्षों से कैंसर के मरीजों की संख्या देश में बढ़ी है। इस पर अंकुश लगाने के लिए जिम्मेदारों को विशेष अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने का निर्देश शासनस्तर पर दिया गया है। तमाम दिशा निर्देश के बाद भी स्वास्थ्य विभाग इस तरफ कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि मंगलवार को विश्व कैंसर दिवस था। इस मौके पर भी जिले में कहीं भी विशेष जागरूकता अभियान नहीं चलाया गया। जिला अस्पताल परिसर स्थित मातृ शिशु विंग में आयोजन के नाम पर महज औपचारिकता ही की गई। शिविर तो लगा, लेकिन इसे गंभीरता से नहीं लिया गया। चिकित्सकों की टीम ने ओपीडी में आए सामान्य मरीजों का इलाज किया। उन्हें कैंसर होने के कारण, लक्षण व उससे बचाव के बारे में जानकारी दी। हालांकि कैंसर से संबंधित स्क्रीनिंग कराने के लिए कोई भी मरीज शिविर में नहीं पहुंचा। कारण यह कि इसे लेकर किसी भी प्रकार का प्रचार प्रसार नहीं किया गया था। इस बीच एनसीडी क्लीनिक के नोडल प्रभारी डॉ आशुतोष सिंह ने बताया कि शिविर में लगभग 150 मरीजों का इलाज किया गया। कैंसर कि रोक थाम के लिए जागरूकता अभियान चल रहा है।

## विरासत गलियारा को लेकर हुआ प्रतिष्ठान बचाओ महायज्ञ

**संवाददाता–गोरखपुर।** धर्मशाला बाजार से आर्यनगर होते हुए पांडेयहाता तक प्रस्तावित विरासत गलियारा के विरोध में व्यापारियों ने मंगलवार को दुकानों को बंद रखकर प्रतिष्ठान बचाओ महायज्ञ का आयोजन किया। पांडेयहाता पीड़ित व्यापारी मंच के तत्वावधान में घंटाघर स्थित पुलिस चौकी के पास व्यापारियों ने यज्ञ का आयोजन कर गलियारे के प्रस्ताव को तत्काल निरस्त करने की मांग की। बैठक में व्यापारियों ने कहा कि दुकानदारों को उजाड़ा जा रहा है, लेकिन कोई मुआवजा नहीं दिया जा रहा है। इसे लेकर जिलाधिकारी से लेकर कमिश्नर से मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा जाएगा। यज्ञ में अनुराग गुप्ता, विकास अग्रवाल, बीरू सिंह, गोलू, अजय जायसवाल, राजू गुप्ता, राजन गुप्ता, नासिर खान, मकसूद अली आदि उपस्थित रहे।

# बाजार से घर जा रहे किशोर को पिकअप ने रौंदा, मौत

**संवाददाता–अम्बेडकरनगर।** मालीपुर थाना क्षेत्र के नेमपुर गांव के निकट सोमवार रात को पैदल घर जा रहे किशोर को तेज रफ्तार पिकअप ने रौंद दिया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। डीएम अविनाश सिंह के निर्देश के बाद सोमवार रात में ही शव का पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। इस बीच मृतक के चाचा की तहरीर पर पुलिस ने चालक के खिलाफ केस दर्ज कर वाहन को अभिरक्षा में ले लिया। नेमपुर गांव निवासी स्व नरेंद्र तिवारी का 14 वर्षीय पुत्र हर्षित बाजार से पैदल ही घर जा रहा था। बताया जाता है कि जब वह बाजार के निकट पहुंचा, तो इसी बीच पीछे से आ रहे तेज रफ्तार पिकअप ने उसे रौंद दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गया। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर भागने का प्रयास किया, लेकिन लोगों को आता देख वाहन छोड़कर भाग खड़ा हुआ। सांस चलने की उम्मीद में परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इसके साथ ही मृतक के चाचा जयप्रकाश तिवारी की तहरीर पर चालक चंदन उपाध्याय निवासी बभरौली दोस्तपुर जनपद सुल्तानपुर के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी। उधर डीएम अविनाश सिंह के की विशेष अनुमति के बाद पुलिस ने देर रात ही शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे परिजनों को सौंप दिया। उधर एसओ मालीपुर आशुतोष शर्मा ने बताया कि मामले में केस दर्ज कर आरोपी चालक की तलाश की जा रहीं है।

हर्षित दो बहनों में अकेला था। उसके आकस्मिक निधन से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। एक तरफ उसकी मां जहां बार बार बेटे को याद कर बेहोश हुई जा रही थी, तो वहीं बड़ी बहनें रुचि व मुघुन भी भाई को याद कर रो रहीं थीं। वे बार बार बस यही बात कह रही थीं कि अब किसकी कलाई पर राखी बाधेंगी। रोते बिलखते परिजनों को सांत्वना देना लोगों के लिए मुश्किल हो रहा था। किसी की समझ में नहीं आ रहा था कि किस प्रकार से उन्हें ढांढस बधाए।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम मोहम्मद सलीम पुत्र मुजीबुल रहमान था। मैं ग्राम चांदा बुर्जुग पोस्ट व थाना पैकोलिया जनपद बस्ती (उ.प्र.) का निवासी हैं। मैंने अपना नाम मोहम्मद सलीम से बदलकर मोहम्मद सलीम खान कर लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाय।

मो0नं0– 9305937363

## स्वैच्छिक शिविर में 19 युवाओं ने किया रक्तदान

**संवाददाता–अम्बेडकरनगर।** सामाजिक संस्था हमदर्द कबीला एसोसिएशन जलालपुर के तत्वावधान में डॉ केएनएस हास्पिटल पूर्व नाम मेयो अस्पताल नगपुर में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। एसोसिएशन के संस्थापक मेराज अहमद, अध्यक्ष मो.सद्दाम व उपाध्यक्ष मो.ओसामा के संयुक्त संयोजन में आयोजित शिविर में 19 युवाओं ने रक्तदान किया, जिसमें आधा दर्जन महिलाएं भी शामिल रहीं। शिविर का उद्घाटन कोतवाल जलालपुर संतोष कुमार सिंह ने फीता काट कर किया और कहा कि रक्तदान महादान है, इसके प्रति सभी को जागरूक होना चाहिए। पूर्व में जिला अस्पताल से आयी टीम ने रक्तदाताओं का मेडिकल परीक्षण किया। उसके बाद 43 पंजीकृत लोगों में से स्वस्थ पाए गए 19 रक्तवीरों ने रक्तदान किया इनमें नूर फातमा, मो.कामरान, अंजली समेत अन्य शामिल रहे। इस दौरान हमदर्द कबीला एसोसिएशन ने अस्पताल के मैनेजर सौरभ सिंह, डॉ सुनील राय, आशुतोष सिंह समेत आधादर्जन लोगों को सम्मानित भी किया।

## मार्ग हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**संवाददाता–अम्बेडकरनगर।** तीन दिन पहले सम्मनपुर थाना क्षेत्र के नैली गांव के निकट हुए मार्ग हादसे में घायल युवक की मंगलवार सुबह राजकीय मेडिकल कॉलेज अयोध्या में इलाज के दौरान मौत हो गई। अकबरपुर में हुए पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। घटना से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के मरहरा गांव निवासी सेवाराम (35) पुत्र दयाराम बीते एक फरवरी को बाइक से सम्मनपुर थाना क्षेत्र के नैली बाजार बाइक से गया था। काम निपटाने के बाद जब वह बाइक से घर लौटने लगा, तो इसी बीच उधर से गुजर रहे अज्ञात वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया।इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिला अस्पताल में इलाज के बाद हालत की गंभीरता को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद राजकीय मेडिकल कॉलेज अयोध्या रेफर कर दिया गया। मंगलवार सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजन इसके बाद शव लेकर घर पहुंच गए। जानकारी होने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से परिजनों कोहराम मचा हुआ है।

## सफाईकर्मियों को माला पहना कर व उपहार देकर किया सम्मानित

**संवाददाता–अम्बेडकरनगर।** जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में किछौछा नगर पंचायत क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाने पर अकबरपुर नगर पालिका, टांडा नगर पालिका व इल्तिफातगंज नगर पंचायत समेत तीन निकायों के करीब 50 से अधिक सफाईकर्मियों को गर्मजोशी से सम्मानित किया गया। सीओ सिटी देवेंद्र कुमार, तहसीलदार टांडा निखिलेश कुमार, बसखारी थाना प्रभारी संत कुमार सिंह ने सभी सफाईकर्मियों को पहले माला पहनाया, मिठाया खिलाया और उन्हें उपहार भी भेंट किए। प्रशासनिक अधिकारियों के हाथों सम्मानित होने पर सभी सफाईकर्मियों का जोश व उत्साह देखने लायक था। बसखारी डिवहारे बाबा स्थल पर सफाईकर्मियों के स्वागत के दौरान शादी–विवाह जैसा माहौल देखा गया। सफाईकर्मियों के सम्मानित होने के दौरान राजस्व निरीक्षक सुनील यादव, लेखपाल पुनीत पटेल व कुलदीप प्रजापति समेत अन्य राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

**अदालती नोटिस**

इत्तिलानामा बनाम रेपान्डेन्ट बावत इत्तिला तारीख मुकर्ररह समायत अपील
निगरानी सं0–C2011170000414
अदालत– श्रीमान अपर आयुक्त प्रशासन बस्ती मण्डल बस्ती जिला–बस्ती

अमर सिंह
बनाम
रामध्यान सिंह आदि

1. मो0 आजम 2. मो0 जाहिद 3. मो0 शाहिद 4. अकरम मोहम्मद 5. असलम मोहम्मद पुत्रगण स्व0 राशिद 6. शमसुद्दीन पुत्र युसुफ 7. मेवाती पत्नी रामराज निवासीगण ग्राम धनघटा तप्पा महथी परगना महुली पूरव तहसील धनघटा जिला–संतकबीरनगर

**तारीख पेशी 11–02–2025**

अपील बनराजी अदालत मुकाम मयरिखा महीना सन् 20 ई0 रेस्पान्डेन्ट

इत्तिला दी जाती है कि अपील बनराजी डिगरी इस मुकदमें में मुसम्मी ने पेश इस अदालत में दर्ज रजिस्टर हुआ और इस अदालत व तारीख 11 महीना 02 सन 2025 ई0 वास्ते जमानत तथा अपील मुकर्रर का है। अगर खुद या आपके वकील या और शख्स जो कानूनन आपकी तरफ से अपील हाजा में जबाब सवाल करने वाजिद हो हाजिर न आयेगा तो उसकी समायत और तजबीज आपकी गैर हाजिरी में एकतरफा हो जायेगी।

आज बतारीख 04 माह 02 सन 2025 ई. मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के हवाले किया गया।

द0 हाकिम

**अदालती नोटिस**

इत्तिलानामा बनाम रेपान्डेन्ट बावत इत्तिला तारीख मुकर्ररह समायत अपील
प्रकीर्णवाद सं0–19/2024
मूलवाद सं0– 221/2017
अदालत– श्रीमान जिला जज महोदय बस्ती जिला–बस्ती

करमतुल्लाह आदि
बनाम
रहमतुल्लाह आदि

1. रहमतुल्लाह उम्र 57 साल पुत्र मगरे साकिन चिरई पाघा तप्पा छपिया परगना रसूलपुर तहसील भानपुर जिला–बस्ती 2. रेखा उम्र 37 साल पत्नी तेजप्रीत साकिन कुर्थिया तप्पा छपिया परगना रसूलपुर तहसील भानपुर जिला–बस्ती 3. दिनेश उम्र 32 साल पुत्र रामरतन सोनी साकिन असनहरा तप्पा छपिया परगना रसूलपुर तहसील भानपुर जिला–बस्ती

–विपक्षी/प्रतिवादीगण

**तारीख पेशी 27–02–2025**

अपील बनराजी अदालत मुकाम मयरिखा महीना सन् 20 ई0 रेस्पान्डेन्ट

इत्तिला दी जाती है कि अपील बनराजी डिगरी इस मुकदमें में मुसम्मी ने पेश इस अदालत में दर्ज रजिस्टर हुआ और इस अदालत व तारीख 27 महीना 02 सन 2025 ई0 वास्ते जमानत तथा अपील मुकर्रर का है। अगर खुद या आपके वकील या और शख्स जो कानूनन आपकी तरफ से अपील हाजा में जबाब सवाल करने वाजिद हो हाजिर न आयेगा तो उसकी समायत और तजबीज आपकी गैर हाजिरी में एकतरफा हो जायेगी।

आज बतारीख माह सन 20 ई. मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के हवाले किया गया।

द0 हाकिम

**अदालती नोटिस**

सम्मन बनाम कायम मुकाम कानूनी मुद्दाअलेह मुतवफ्फा
(आर्डर 22, कायदा 4)
न्यायालय–श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) बस्ती जिला–बस्ती
वाद सं0 953/90

अब्दुल समद
बनाम
जमीरूल हसन आदि

1/1 नसीर अहमद पुत्र जमीरूल हसन ग्राम कड़जा पोस्ट सेमरियांवा जिला–संतकबीरनगर 1/2 रइसुन्निशा पत्नी अखतर हुसेन पुत्री जमीरूलहसन ग्राम कैथवलिया पोस्ट वजहरा जिला–संतकबीरनगर 1/3 अजमेरून्निशा पत्नी वलीउल्लाह पुत्री जमीरूल हसन ग्राम परासी पोस्ट खटियांवा जिला–संतकबीरनगर

**तारीख पेशी 21–02–2025**

हरगाह मुद्दई ने एक नालिश इस अदालत में बतारीख माह सन 20 ई0 बनाम मुद्दाअलेह के रूजू की थी, जो बाद की मौत हरगाह मुद्दई मजकूर ने एक दरख्वास्त इस अदालत में गुजारी है कि आप मुतवफ्फा मजकूर का कायम मुकाम कानूनी वारिस है और चाहता है कि बजाय उसके मुद्दाअलेह बनाये जांय।

लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारीख 21 माह 02 सन 2025 ई0 बवक्त 10 बजे इस अदालत में हाजिर होकर मुकदमा मजकूर जबाबदेही कीजिये और अगर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी आपके मसमूअ और फैसला होगा।

बवक्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

**अदालती नोटिस**

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय–श्रीमान सिविल जज (सी0डि0) महोदय बस्ती जिला–बस्ती
वाद सं0–371/2024

संजय
बनाम
वसन्त आदि

1. वसन्त पुत्र राम चरित्र 2. विजय पुत्र राम चरित्र 3. रेखा पत्नी राज कुमार 4. शिवपूजन पुत्र रामनरेश साकिनान मौजा खजुरिया श्रीनेत तप्पा खुरियार परगना नगर पश्चिम तहसील हर्रैया जिला–बस्ती

**तारीख पेशी 07–03–2025**

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपक 07 माह 03 सन 2025 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

–द0 हाकिम

**दैनिक भारतीय बस्ती**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक प्रदीप चन्द्र पाण्डेय द्वारा दर्पण प्रिन्टिंग प्रेस वि0. नया हाल 1–4 A लोहिया काम्पलेक्स जिला पंचायत भवन गांधीनगर बस्ती (उ.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक दिनेश चन्द्र पाण्डेय

प्रबन्ध सम्पादक–दिनेश सिंह
संयुक्त सम्पादक–प्रदीप चन्द्र पाण्डेय
अयोध्या–फैजाबाद कार्यालय– चतुर्भुजी मंदिर परिसर लक्ष्मण घाट अयोध्या–फैजाबाद
लखनऊ कार्यालय– आशियाना चौराहा, एल.डी.ए. कालोनी, सेक्टर एच. कानपुर रोड लखनऊ।
गोरखपुर कार्यालय– इलाहीबाग गोरखपुर।
मो09450567450 9336715406,
ई.मेलbhartiyabasti@yahoo.com
bhartiyabasti@gmail.com